भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-**1813

उत्तर देने की तारीख-10.03.2025

**केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षाओं के अनुभागों की संख्या में वृद्धि**

1813. **श्री रमाशंकर राजभर**:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में छात्रों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त संख्या में विद्यालय हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्तमान में सरकारी और निजी क्षेत्र में कितने विद्यालय हैं और सरकारी और निजी विद्यालयों की संख्या का तुलनात्मक ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार द्वारा केन्द्रीय विद्यालयों में अनुभागों/कक्षाओं की संख्या बढ़ाने की मांग के संबंध में कोई कार्रवाई की है;
(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;
(ङ) क्या सरकार की उत्तर प्रदेश के सलेमपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के चेरो स्थित केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षाओं की संख्या में वृद्धि करने की कोई योजना है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख): क्षेत्र-वार विद्यालयों और उनमें नामांकित छात्रों की संख्या के साथ-साथ इन विद्यालयों में छात्रों की औसत संख्या निम्नानुसार है:

| क्षेत्र | विद्यालयों की संख्या | नामांकित छात्रों की संख्या (पूर्व-प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक तक) | प्रति स्कूल छात्रों का औसत |
|---|---|---|---|
| सरकारी | 10,17,660 | 12,74,90,199 | 125 |
| सरकारी सहायता प्राप्त | 80,313 | 2,55,47,841 | 318 |
| निजी | 3,31,108 | 9,00,36,939 | 272 |
| अन्य | 42,810 | 49,70,849 | 116 |
| **कुल** | **14,71,891** | **24,80,45,828** | **169** |

स्रोत-यूडाइज़+ 2023-24

कुल 14,71,891 स्कूलों में से, 10,97,973 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल हैं, जिनमें 15,30,38,040 छात्र नामांकित हैं।

(ग) और (घ): नए केवि खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केवि मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कार्मिकों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु खोले जाते हैं। नए केवि खोलने संबंधी प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों के द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मानदंडों के अनुसार एक नया केवि स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता होती है। प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनाधीन हैं। वर्तमान में, देश भर में 1253 केवि कार्यात्मक हैं।

(ङ) और (च): केन्द्रीय विद्यालय संगठन से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्तमान में उत्तर प्रदेश के सलेमपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थित केवि, चेरो कक्षा-I से X तक दो अनुभागों तथा कक्षा-XI और XII में दो अनुभागों (विज्ञान और वाणिज्य विषय के लिए एक-एक अनुभाग) के साथ कार्यात्मक हैं।

*****